# मासूमों की किडनी फैल, कारण तलाशने पहुंची टीम

## एंटोंमोलॉजिकल एपिडेमियोलॉजीकल, मच्छर रोडेंट ड्रॉप एवं हुमन ब्लड सैंपल उच्च स्तरीय लैब भेजी

**छिंदवाड़ा, 25 सितंबर. जिले के कोयलांचल क्षेत्र में किडनी फैल होने से तीन मासूमों की जानें जा चुकी है. वही छिंदवाड़ा और नागपुर में तकरीबन एक दर्जन मासूमों का इलाज चल रहा है. जिसके बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मचा हुआ है.**

शासन, प्रशासन और स्वास्थ्य महकमा इन क्षेत्रों में जाकर दौरे कर बीमारी के कारण तलाश कर रही है. इसी को लेकर प्रदेश स्तरीय दल भी छिंदवाड़ा पहुंच चुका है. जिसमें एपीडीमियोलॉजिस्ट डॉ शैव्या सलाम और स्टेट एंटोमॉलॉजिस्ट शैलेन्द्र कुमार सिंह शामिल है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नरेश गोन्नाडे के मुताबिक यह दल स्थानीय स्वास्थ्य महकमे के साथ परासिया के सेठिया, न्यूटन चिखली और बाग बर्धिया पहुंची. प्रदेश स्तरीय दल के निर्देश पर जिला महामारी रोग विशेषज्ञ एवं सुपरवाइजर एएनएम, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को एक्टिव केयर सर्च कर सेंसटाइज किया गया है. टीम ने अधिकतम संभावित वाले स्थान में जाकर एंटोंमोलॉजिकल एपिडेमियोलॉजीकल एवं एनवायरमेंटल गतिविधियां की. इसके बाद मच्छर रोडेंट ड्रॉप एवं ह्यूमन ब्लड सैंपल उच्च स्तरीय लैब भेजे गए हैं. जो भी प्रकरण हुए हैं उनके कारणों को जानने की कोशिश की जा रही है. सर्वे के दौरान गंभीर स्थिति वाले बच्चे सर्विलेंस के दौरान प्राप्त नहीं हुए हैं. बहलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है.



जिला अस्साल में प्रेयांश पिता विजय सिरसाम 5 साल डेंगू पॉजिटिव निवासी चांदामेटा, धानी धारे पिता नवीन डेहरिया 1.3 साल तामिया, विहान पिता रामा कवरेती 5 साल पाठा उमरेठ, अभिजीत पिता संतकुमार यादव 18 महीने खमरा जेठू और प्रेयांश पिता विकास उइके 3 साल का इलाज किया जा रहा है. डॉ के मुताबिक धानी को छोड़कर सभी की स्थिति स्टेबल बताई जा रही है. सीएमएचओ डॉ एन गुन्नाडे के मुताबिक इस बीमारी के बाद परासिया में एक अलग से अस्पताल बना दिया गया है. जिसमें सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है. प्रभावित क्षेत्रों में दौरा कर लोगों को सर्तक किया जा रहा है. किसी की भ्रामक जानकारी में न आए. बुखार के लक्षण दिखने पर नजदीकी शासकीय अस्पताल में संपर्क करें. इधर प्रदेश स्तरीय टीम और जिला स्तरीय दल युद्ध स्तर पर बीमारी के कारणों को तलाशने कार्य कर रहा है. प्रभावित क्षेत्रों में दौरे कर रही है. सभी तरह के नमूने लिए जा रहे है. जिन्हें लैब भेजा जा रहा है.

# प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर सुनवाई टली

▸ अब 16 अक्टूबर को होगी अगली सुनवाई

**जबलपुर 25 सितंबर. मप्र हाईकोर्ट में प्रमोशन में आरक्षण (मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025) को चुनौती के मामले पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी.**

चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इस मामले में सरकार की ओर से अधिकृत सीनियर वकील सीएस वैद्यनाथन उपलब्ध नहीं हैं. उन्होंने सुनवाई आगे बढ़ाने का आग्रह किया. जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 16 अक्टूबर नियत की है. उल्लेखनीय है कि महाधिवक्ता के पूर्व में दिए मौखिक अंडरटेकिंग के चलते फिलहाल नई पॉलिसी से प्रमोशन रुके हुए हैं.



यह मामले भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर दायर किये गये है. याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है. दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाई कोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है. इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है.

### डेटा प्रस्तुत किए

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं. कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाममात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए. अजॉक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं. इनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, रामेश्वर सिंह ठाकुर, आकाश चौधरी, विनायक प्रसाद शाह, वरुण ठाकुर ने सरकारी विभागों मे प्रतिनिधित्व के क्वांटिफाइबल डेटा प्रस्तुत किए. याचिकाओं में आरक्षण के विरोध वाले याचिकाकर्ताओं के प्रभावित होने वाले विधिक अधिकार पर प्रश्न उठाया. सभी मामलों पर अब एक साथ सुनवाई होगी.

## अज्ञात वाहन के टक्कर से युवक की मौत

**सिंगरौली 25 सितम्बर.** गुरुवार की सुबह मोरवा के मेढ़ौली स्थित गणेश मंदिर समीप सड़क किनारे लोगों ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव देख पुलिस को इसकी सूचना दी. मौके पर पहुंची मोरवा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए भेजवाया गया. अज्ञात व्यक्ति की पहचान मेढ़ौली निवासी नांदलाल गोड़ पिता नेतराम गोड़ उम्र 35 के तौर पर हुई है. पुलिस के अनुसार नंदलाल गोड़ की मृत्यु देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई है. लोगों द्वारा कयास लगाए जा रहे हैं कि मृतक कांटा मोड़ से गणेश मंदिर समीप अपने घर जा रहा होगा की रास्ते में अचेत होकर सड़क किनारे गिर गया.

# मेडिकल कॉलेज मंदसौर में पहला देहदान

### स्व. सोहन बाई कंकरेचा के पार्थिव शरीर को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**मंदसौर, 25 सितंबर. मंदसौर नगर के मेघदूत नगर निवासी स्व. सोहन बाई कंकरेचा के परिवार ने उनके पार्थिव शरीर का देहदान सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज, मंदसौर को किया.**

यह मेडिकल कॉलेज मंदसौर का पहला देहदान है, जो अध्ययन और शोध कार्य हेतु समर्पित हुआ है. कंकरेचा के पार्थिव शरीर को पुलिस जवानों द्वारा राजकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया. इस अवसर पर कलेक्टर अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, पूर्व विधायक सिसोदिया, मेडिकल कॉलेज के डीन सहित अधिकारीगण एवं परिजन मौजूद रहे. कलेक्टर अदिती गर्ग ने कहा कि मेडिकल कॉलेज मंदसौर में यह पहला अकादमिक देहदान विद्यार्थियों के अध्ययन और अनुसंधान में मील का पत्थर साबित होगा. देहदान वास्तव में महादान है, जिससे समाज को नई दिशा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी.



# मेडिकल ऑफीसर को नोटिस, एएनएम निलंबित

▸ कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य केन्द्रो का औचक निरीक्षण

**रीवा, 25 सितम्बर. जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है. अभियान का जायजा लेने के लिए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शहर के स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया.**

कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य खैरी तथा संजीवनी क्लीनिक ढेकहा का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों में उपस्थित महिलाओं से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली. कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित गर्भवती महिला से नियमित चेकप, हीमोग्लोविन जांच, दवाई, स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों की उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी ली. कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्थाओं, उपस्थिति रजिस्टर, बच्चों के टीकाकरण, साफ-सफाई आदि के विषय में पूछताछ की.



स्वास्थ्य केन्द्र में अनुपस्थित रहने पर मेडिकल आफीसर डॉ प्रीति शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. उन्होंने एएनएम अलका शुक्ला को निलंबित करने के भी निर्देश दिए. कलेक्टर ने ढेकहा में आयोजित किए गए नेत्र शिविर का भी निरीक्षण किया तथा चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सकीय सुविधा के संबंध में पूंछताछ की. निरीक्षण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला उपस्थित रहे.

# छात्र-छात्राओं को साइकिल व स्कूटी वितरित

### वितरण कर कैबिनेट मंत्री ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**झाबुआ, 25 सितम्बर. कैबिनेट मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में रामा में शासकीय कन्या उमा विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में साइकिल एवं स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरानुसार मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया. इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय प्रांगण में उपस्थित छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बेटियों की शिक्षा को सशक्त बनाना है. बेटियों को विद्यालय तक सुगम आवागमन की सुविधा मिले, इसके लिए साइकिल का लाभ दिया जा रहा है. वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप स्कूटी प्रदाय की जा रही है, जिससे वे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने सपनों को पूरा कर सकें. कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चों में अपार प्रतिभा होती है.



उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पढ़ाई-लिखाई ही जीवन को दिशा देती है और समाज व देश के निर्माण की आधारशिला होती है. इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामा की कक्षा 6 एवं कक्षा 9 की छात्राओं को 75 साइकिलें वितरित की गई.

# कमिश्नर ने नर्मदा के घाटों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया

**ओंकारेश्वर 25 सितंबर. संभाग आयुक्त इंदौर संभाग डॉ. सुदाम खाड़े ने गुरुवार सुबह ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी घाट पर सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में घाटों की साफ सफाई के लिए श्रमदान किया.**

इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टर ऋषव गुप्ता के साथ अन्य घाटों पर जाकर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखा. उन्होंने नगर परिषद ओंकारेश्वर द्वारा ब्रह्मपुरी घाट पर आयोजित पॉलीथिन मुक्त ओंकारेश्वर कार्यक्रम के तहत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार जूट व रेशम के धागे से बने कैरी बैग नागरिकों को वितरित किए. कमिश्नर डॉ. खाड़े ने कलेक्टर गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों के साथ सिंहस्थ-2028 के लिए ओंकारेश्वर नगर में प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया. उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को सिंहस्थ के लिए ओंकारेश्वर में प्रस्तावित व स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए.



# शिक्षकों 2006 से छठवें वेतनमान का लाभ दें

**जबलपुर 25 सितंबर. हाईकोर्ट के जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने माध्यमिक सहायक शिक्षकों को एक जुलाई 2006 से छटवें वेतनमान का लाभ देने के निर्देश दिए हैं। शिकायत दूर करने आयुक्त स्कूल शिक्षा को 90 दिन की मोहलत दी गई है।**

याचिकाकर्ता नर्मदापुरम निवासी माध्यमिक सहायक शिक्षक जगदीश प्रसाद डोंगरे सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि याचिकाकर्ता नगर पंचायत सोहागपुर में शिक्षा कर्मी नियुक्त हुए थे। इसके बाद उनका संविलियन स्कूल शिक्षा विभाग में कर दिया गया। इसी के साथ उनका पदनाम माध्यमिक सहायक शिक्षक हो गया। लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग ने एक जुलाईए 2006 के स्थान पर 2016 से छटवें वेतनमान का लाभ दिया। चूंकि यह रवैया हाईकोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा दिनेश शर्मा के प्रकरण में पारित न्यायदृष्टांत की मूल भावना के विपरीत है, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। न्यायालय ने तर्क सुनने के बाद याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि हाईकोर्ट के आदेश की सत्यापित प्रतिलिपि सहित अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर 90 दिन के भीतर इंदौर वाले प्रकरण की रोशनी में लाभ सुनिश्चित किया जाए।

### क्रिमिनल मामलों की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक बरकरार

मप्र हाईकोर्ट में गुरूवार को लाइव स्ट्रीमिंग के वीडियो के दुरुपयोग को चुनौती के मामले में सुनवाई हुई। मेटा कंपनी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने वर्चुअल पैरवी की। उन्होंने माना कि सोशल मीडिया के कई प्लेटफॉर्म पर हाईकोर्ट प्रकरणों की सुनवाई के वीडियो का दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें आपत्तिजनक वीडियो के यूआरएल लिंक उपलब्ध करा दिए जाएं तो उन वीडियो को हटा दिया जाएगा। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को उक्त लिंक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने अंतरिम आदेश के तहत सभी क्रिमिनल कोर्ट की लाइव स्ट्रीमिंग पर रोक अगली सुनवाई तक बरकरार रखी है। मामले पर अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी।

# सरकार की जीएसटी नीति जनता के साथ विश्वासघात : कांग्रेस



**सीधी, 25 सितंबर. केंद्र की भाजपा सरकार ने जीएसटी लागू कर पहले व्यापारियों की कमर तोड़ दी और अब जब चुनावी लाभ के लिए जीएसटी दरों में मामूली कटौती कर व्यापारियों को झुनझुना थमाया जा रहा है.**

उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी -सीधी अध्यक्ष ज्ञान सिंह सीधी में व्यापारियों से सम्पर्क के दौरान कही. उन्होंने कहा कि यह कोई राहत नहीं, बल्कि चुनावी छलावा है. आज जिला मुख्यालय सीधी में जिला कांग्रेस कमेटी -सीधी अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान कांग्रेसजनों के साथ व्यापारी बंधुओं के बीच जाकर भाजपा की असली नीयत और चरित्र को उजागर किया.

# मंत्री ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

**खंडवा, 25 सितंबर. प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री विजय शाह ने गुरूवार को हरसूद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संदलपुर में मुख्यमार्ग से कन्या शिक्षा परिसर तक लगभग 1.13 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले सीमेन्ट कंक्रीट पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया.**

इस दौरान उन्होंने ग्राम खारकला में 32.75 करोड़ रूपए लागत से सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया तथा सीएम राइज स्कूल तक लगभग 1.78 करोड़ रुपए लागत से निर्मित होने वाले सीमेन्ट कंक्रीट पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारम्भ किया. मंत्री विजय शाह ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया. उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन भी किया. मंत्री मंत्री विजय शाह ने पंधाना की बालिका रानी को अपनी तरफ से लैपटॉप प्रदान किया. कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि कन्या शिक्षा परिसर संदलपुर में छात्राओं के लिए रोटी बनाने हेतु ढाई-ढाई लाख रुपए की दो मशीनें स्वीकृत की गई हैं,इनकी टेंडर प्रक्रिया भी संपन्न हो गई है. कुछ ही दिनों में सभी कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के लिए रोटी बनाने की मशीन आ जाएगी. मंत्री ने खारकला में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत सी योजनाएं प्रारंभ की हैं.



## पति-पत्नी को लूटने वाले आरोपी गिरफ्तार

**रीवा, 25 सितम्बर.** गोविन्दगढ़ थाना अन्तर्गत पति-पत्नी के साथ छेड़छाड़ करने के बाद मारपीट कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, साथ ही लूट का सामान भी बरामद किया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक फरियादिया ने अपने पति साथ गोविन्दगढ़ थाना पहुंचकर रिपोर्ट किया कि 24 सितम्बर को वह अपने पति के साथ शाम करीबन 05.00 बजे किला मे पीछे खडंहर तरफ तालाब के मेड़ पर बैठी थी तभी वहाँ दो लोग आये और उसे तथा इसके पति को पकड़ कर मारपीट किये. वही पास मे खडंहर मे दोनो को अलग अलग खम्भो मे रस्सी से वांधकर कर बोले तुम लोग यहां क्या करने आए हो यह कोई घूमने की जगह है.

# भाजपा की विचारधारा के मूल में हैं दीनदयाल के विचार



**ग्वालियर, 25 सितंबर. पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय का सिद्धांत दिया, जिसका अर्थ समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान. भाजपा की विचारधारा के मूल में पंडित दीनदयाल के विचार हैं.**

उक्त बात भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी ने गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर महाराजा मानसिंह मंडल द्वारा चंदनपुरा के वार्ड क्रमांक 16 शक्ति केंद्र पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में कही. इस दौरान उन्होंने पंडित उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया.

कार्यक्रम ▸ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

# 'पंडित दीनदयाल राजनीति में सुचित्रा के हैं पर्याय'

**सीधी, 25 सितम्बर. भारत जमीन का केवल एक टुकड़ा नहीं बल्कि भारत माता के रूप में अस्तित्व रखता है. विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान हिन्दुत्व और सनातन में है क्योंकि केवल हिंदुत्व और सनातन ही विश्व में विश्व के कल्याण और जय की कल्पना की गई है.**

राष्ट्र सर्वोपरि और मैं नहीं हम, का भाव ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्मक मानववाद की केन्द्र धूरी है. उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सतना लोकसभा सांसद गणेश सिंह ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहीं. मुख्य वक्ता सतना सांसद गणेश सिंह ने पंडित दीनदयाल राजनीति में अज्ञात शत्रु और सुचित्रा के हैं पर्याय- गणेश सिंहकहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में अज्ञात शत्रु और सुचित्रा के पर्याय हैं. सामूहिक जीवन संकल्प, शरीर, मन, बुद्धि, धर्म और आदर्श की सच्ची व्याख्या एकात्मक मानववाद में पंडित जी ने की है.



अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय के बताए गए रास्ते और जीवन आदर्शो को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा कर रहे हैं. मोदी जी के नेतृत्व में आज देश स्वावलंबन के साथ विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है. विचार गोष्ठी को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेता यदुनाथ सिंह चौहान और लालचंद गुप्ता ने भी संबोधित किया. विचार गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय ने और स्वागत भाषण जिला महामंत्री लोरिक प्रसाद यादव ने किया. इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष के.के.तिवारी, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष सुभाष सिंह, मीशाबंदी मंगलेश्वर सिंह चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजबिहारी लाल शर्मा, आयोजन टोली के सदस्य शिवदान साकेत, पूजा सिंह कुशराम, निशांत मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, पूर्व नपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मुन्नू, जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विश्व बंधु धर द्विवेदी, उषा गोपाल पटेल, मनीला सिंह चौहान, अखिलेश पाण्डेय, नगरीय निकाय के प्रदेश सहसंयोजक जितेन्द्र सिंह चौहान, विष्णु बहादुर सिंह, मोतीलाल पटेल आदि उपस्थित रहे.

# एक ने राष्ट्रसेवा के लिए विवाह छोड़ा, तो दूसरा जेल में रहा, लेकिन संघ को नहीं छोड़ा

**शाजापुर 25 सितंबर. घर में विवाह की रस्में चल रही थी. दुल्हा बने थे ओमप्रकाश भावसार. उन्हें हल्दी भी लग गई थी, लेकिन राष्ट्रसेवा की जिद के आगे उन्होंने पाणिग्रहण संस्कार को त्याग दिया और घर छोडक़र चले गए.**

ऐसे ही संघ ने समाज का निर्माण किया है. शाजापुर के बाबूलाल सुखराम भावसार के बड़े पुत्र ओम जी भावसार, जिन्होंने शिक्षा, संस्कार और व्यापारिक व्यवहारों से भावसार समाज और आर्य समाज का भी प्रतिनिधित्व किया. लेकिन देश सेवा के लिए ओमप्रकाश भावसार ने घर-परिवार छोडक़र पूरा जीवन संघ के नाम कर दिया. गौरतलब है कि स्व. ओमजी भावसार के पिता की इच्छा थी कि उनका बेटा पारिवारिक और सामाजिक बंधनों में बंधे. ओम दा को शादी के समझाया और कहा कि संघ में प्रचारक बनने में बहुत संघर्ष है, लेकिन ओम भावसार ने कोई उत्तर नहीं दिया. घर में शादी की तैयारी चल रही थी, हल्दी लग चुकी थी और ओम भावसार घर से न निकल जाए, इसलिए उनके पिता ने उन्हें घर में ही नजरबंद कर दिया, लेकिन प्रचारक बनकर संपूर्ण जीवन संघ कार्य में लगाने का संकल्प ओम भावसार ने लिया था और वे मौका देखकर घर से निकल गए. बेरछा से भोपाल और भोपाल में संघ प्रचारक बन गए.

ऊंचावद गांव की कहानी कश्मीर फाइल्स से मिलती-जुलती है. 1992 में सबसे बड़ा एकत्रीकरण वन संचार के नाम से कुंडी वाले हनुमान जी के स्थान पर रखा गया. जिसमें गोपाल सिंह धनगर की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण थी. 1978 में शीत शिविर का आयोजन किया गया. उस समय स्वयंसेवकों को लाने के लिए बैलगाड़ी का उपयोग किया गया. तो प्रचार वर्ग के लिए 1979 में हुकुमसिंह सोनी प्रचारक को बैलगाड़ी से गांव लाया गया. उसके बाद संचालन में भाग लिया. ऊंचावद स्वयंसेवकों का गढ़ रहा है. 1990 में पराग अभ्यंकर जब शाजापुर जिले के प्रचारक थे.